दैनिक
पदमावत मीडिया
Reg.No.MH18D0030877 •ई-पेपर• •न रिश्वत लेंगे, न रिश्वत देंगे•
www.padmavatmedia.in Mo. 9594542679 Email- padmavatmedia@gmail.com
वर्ष : 10 • डिजिटल अंक : 290 • मुंबई, शनिवार, 29 जून, 2024 • प्रधान सम्पादक : पवन जैन पदमावत • पृष्ठ : 2 • मूल्य-0.00 निःशुल्क •

युवक पर जानलेवा हमला करने वाले 03 आरोपी गिरफ्तार

पदमावत मीडिया

उदयपुर । जिले के पुलिस थाना गोवर्धनविलास में पुलिस टीम ने एक युवक पर जानलेवा हमला करने वाले 03 आरोपी को गिरफतार किया है।

दरअसल सोनु गायरी पिता हीरालाल ने एक रिपोर्ट दर्द करवाई थी कि वह व उसका दोस्त लोकेश दोनों पेस्ट कंट्रोल का कार्य करते है। 29 अप्रैल 2024 को एक अज्ञात व्यक्ति ने कॉल करके मधु मक्खी का छत्ता हटवाने के के लिए आराम बाग रमणी घाटी रोड बुलाया। वहा पर दो युवक पहले से एक मोटरसाईकल लेकर खड़े थे। हमारे वहां पहुंचते ही मौके पर मौजुद युवको ने मेरे व मेरे दोस्त लोकेश के साथ मारपीट करना शुरू कर दिया। जिससे हमारे सर में गंभीर चोट आई व मोटरसाईकल भी तोड दी व मारपीट कर मौके से भाग गये।

जिला पुलिस अधीक्षक उदयपुर योगेश गोयल के निर्देश पर पुलिस थाना गोवर्धनविलास के नेतृत्व में पुलिस टीम ने आसपास के क्षेत्र में सीसीटीवी कैमरे चैक किये और कॉल डीटेल प्राप्त कर अनुसंधान किया गया तो जांच में प्रार्थी के घर पर पूर्व किरायेदार राजेश मीणा के मोबाईल नम्बर की लोकेशन घटना के समय और घटनास्थल के आसपास पाई गई। राजेश मीणा के कॉल डीटेल प्राप्त कर अवलोकन किया गया तो पाया गया की उक्त घटना राजेश मीणा ने अपने मित्र गटटू मीणा, नरेश मीणा, संजय मीणा व एक अन्य मित्र के साथ योजना बनाकर कारित की थी। और पुलिस ने जानकारी एकत्रित कर तीन आरोपी राजेश पिता धनराज मीणा,संजय पिता कांती लाल मीणा,नरेश पिता नारायण मीणा बापर्दा गिरफतार कर न्यायालय में पेश किया गया है। अग्रिम अनुसंधान जारी है।

व्यवस्थित जीवन जीने एवं जीवन को खुशहाल कैसे बनाये - मुनि श्री 108 आदित्य सागर जी महाराज

पदमावत मीडिया

देवली । पारसनाथ धर्मशाला में विराजमान परम पूज्य श्रुत संवेगी 108 श्री आदित्य सागर जी महाराज द्वारा दोपहर 3 बजे देवली के समस्त युवक-युवतियों को लाइफ मैनेजमेंट एवं जिंदगी को खुश कैसे रखे, यह सिखाया गया। अग्रवाल समाज चौरासी युवा परिषद ब्लॉक देवली के प्रवक्ता विकास टोरडी ने बताया कि मुनिश्री द्वारा मुख्य सूत्र जीवन को व्यवस्थित एवम खुशहाल रखने के सम्बंध में बताए गये-

1.मुनि श्री द्वारा स्पीच मैनेजमेंट के तहत बताया गया कि हमें सामने वाले से या कहीं भी किसी से भी कोई भी वार्तालाप करते हैं तो हमें अपने शब्दों का चयन सुंदर शब्दों का करना चाहिए जो की सामने वाले के लिए आकर्षित हो ना की सामने वाले को किसी प्रकार से कष्ट पहुंचाए, किसी बात को हम बेहतरीन शब्दों से कह सके तो सामने वाला अपने आप अपनी तरफ आकर्षित हो जाएगा ओर वही शब्दो का चयन खराब होगा या कहने का तरीका गलत होगा तो सामने वाला कितना ही अपना हो वह ना तो हमे सम्मान देगा कर नाही हमारी महत्ववता उसके जीवन मे होगी।

2- डिसीजन मेकिंग - मुनिश्री ने बताया कि निर्णय लेने की उचित क्षमता हमारे अंदर होनी चाहिए, जहां हमे त्वरित निर्णय लेना चाहिए वहां भी अगर हम सोचने में समय व्यर्थ करते है तो कई सारी चीजें हाथ से निकल जाती है, ओर कई जगह जहां सोच समझ के जल्दबाजी में निर्णय लेते है तो वही चीज हमारे लिए नुकसानदेह हो जाती है, इसलिए हमारे अंदर निर्णय लेने की उचित क्षमता होनी चाहिए।

3-टारगेट मैनेजमेंट- मुनिश्री द्वारा बताया गया कि हमे अपने टारगेट को मैनेज कर के चलना चाहिए, लक्ष्य छोटे रखकर बड़ी सफलता को अर्जित किया जा सकता है, हमें जो टारगेट बड़े होते है उन्हें छोटे-छोटे हिस्सों में विभाजित कर के उन टारगेट को प्राप्त किया जा सकता है।

4-बैलेंस बनाये- जिंदगी में हमेशा हमे बैलंस बनाकर चलना चाहिए।

जिंदगी को खुशहाल रखने के बैलेंस बना के रखना होगा, बिना बैलेंस बनाये जिंदगी में हम कुछ भी व्यवस्थित नही रख सकते।

मुनिश्री ने कहा की जब भी हमे गुस्सा आये तो गुस्से में थोड़ा धैर्य रखें फिर प्रतिक्रिया दे फिर देखना जिंदगी बैलेंस रहती है कि नही।

5-अर्जन-विसर्जन - मुनिश्री ने बताया कि हमे जिंदगी में जितना आवश्यक हो जो जरूरी हो उसी का अर्जन करना चाहिए एवं जो

हमारे लिए आवश्यक नही उसका विसर्जन कर देना चाहिए। हमारे पास डिग्री है, पैसा है सबकुछ है लेकिन जिसकी जितनी जरूरत है उतना ही अर्जन करे अन्यत्र को हमे छोड़ देना चाहिए। अर्जन जरूरी है तो जिंदगी में विसर्जन भी होना बहुत आवश्यक है।

6- नियत- अंत मे मुनिश्रेष्ठ द्वारा बताया गया कि हमे जिंदगी को खुशहाल बनाने एवंम व्यवस्थित रखने के लिए सदैव अपनी नियत अच्छी रखनी चाहिए, अगर नियत हमारी अच्छी है तो हमारा भविष्य सुधर जाएगा ओर अगर नियत ही सही नही तो भव-भव बिगड़ जाते है।

इस अधिवेशन में सैकड़ों युवक-युवतियों व महिला पुरुषों ने भाग लिया, साथ ही विकास टोरडी ने बताया कि दिनांक 29 जून 2024 को मुनि श्री के संघ का पादप्रक्षालन, दिप प्रज्वलन एवं शाष्त्र भेंट अग्रवाल युवा परिषद ब्लॉक देवली द्वारा किया जाएगा।

शादी का झांसा देकर नाबालिग से दुष्कर्म व अपहरण का आरोपी गिरफ्तार

पदमावत मीडिया

उदयपुर । जिले के पुलिस थाना डबोक में पुलिस ने कार्यवाही करते हुए शादी का झांसा देकर नाबालिग से दुष्कर्म व अपहरण करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया।

दरअसल 21 जून को पुलिस थाना डबोक पर एक रिपोर्ट दर्ज करवाई गई थी की शाम करीब 4 बजे लडकी घर से बिना बताये कहीं निकल गयी। तलाश करने पर भी कोई पता नहीं चला।

एसपी योगेश गोयल के निर्देश पर पुलिस थाना डबोक द्वारा तलाश हेतु टीम का गठन किया गया। और गहनता से तलाश की गई जिस पर पीडिता द्वारा प्रेम सिंह द्वारा शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करना व गाडी में बिठाकर ले जाना बताया जिस पर आरोपी को गिरफ्तार किया गया। फिलहाल आरोपी को रिमाण्ड पर लिया गया और आगे की कार्यवाही जारी है।

नई शिक्षा नीति पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन, नई तकनीक और बेहतर शिक्षा पर दिया जोर

पदमावत मीडिया

सलूंबर । जिले के चावंड स्थित प्रताप संस्थान में नई शिक्षा नीति पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में नई शिक्षा नीति के विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत रूप पर चर्चा कर वक्ताओं ने अपने अपने विचार रखे । जिसमें संस्थान के सभी शिक्षको ने भाग लिया । उद्घाटन सत्र में संस्थान के प्रिंसिपल पिंकी सिंह ने बालिका शिक्षा पर नई शिक्षा नीति पर अपने विचार व्यक्त किए । संस्थान के सबसे वरिष्ठ शिक्षक सोहन लाल शर्मा ने अंग्रेजी माध्यम के नई शिक्षा नीति में क्षेत्रीय भाषाओं पर सबको अवगत करवाया। सह निदेशक मुकेश शर्मा ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की मुख्य वक्ता संस्थान के ट्रस्टी व निदेशक प्रकाश शर्मा ने नई शिक्षा नीति में आयु के वर्गीकरण और नई तकनीकी से बच्चों को केसे तैयार करने पर विस्तृत चर्चा की ।

कार्यक्रम का संचालन ललित सेन ने किया । कार्यक्रम के संयोजन कर्ता विजय व्यास ने बताया कि कार्यशाला के दूसरे दिन खेलों की महत्ता पर एनआईएस कोच नरेश रेबारी, विषयवार नई शिक्षा नीति पर नीलेश मेहता, योगेश गर्ग और डिम्पल व्यास अपने विचार रखेंगे ।

बेटी

पदमावत मीडिया

कोमल मृदुल सी प्यारी है बेटियां
घर आंगन की शान है बेटियां

मां का दुलार
पिता का सम्मान है बेटियां

चिड़िया सी चहकती
फूलों सी महकती है बेटियां

तितली सी उड़ती
घर आंगन को मधुबन बनती है बेटियां

शीतल, कोमल, चंचला
गुड़िया सी कोमल
नन्ही परी है बेटियां

त्याग समर्पण की मूरत है बेटियां
एक नहीं दो घरों की शान है बेटियां

रश्मि नामदेव,
शारीरिक शिक्षिका एवं सेल्फ डिफेंस मास्टर ट्रेनर
जिला - कोटा, राजस्थान

जल जीवन मिशन योजना के मजदूरों से मारपीट कर लूट करने वाले 05 आरोपी गिरफ्तार

पदमावत मीडिया

उदयपुर । जिले के थाना ऋषभदेव में पुलिस ने बड़ी कार्यवाही करते हुए जल जीवन मिशन योजना के मजदूरों के साथ मारपीट कर लूटपाट करने वाले 05 आरोपियों को गिरफ्तार किया।

दरअसल जिले के पुलिस थाना ऋषभदेव 10 जून 2024 को चरण सिंह पिता तेजसिंह रावत ठेकेदार जल जीवन मिशन योजना बिलख गडावत ऋषभदेव ने रिपोर्ट दर्ज करवाई थी 9 जून को मेरे साथी सभी मजदूर ग्राम पंचायत भवन गडावत के छत पर सो रहे थे तभी

अचानक 10-15 लोग अपने मुंह पर कपडा बांध कर हाथों में तलवार लेकर पंचायत भवन आए और डरा धमका कर करीब 15 हजार रूपये व मशीनों का रखा डीजल एवं **Rothanburg** की फ्युजन मशीन, रियलमी मोबाईल ले गये एवं जाते हुए बोलेरों कैम्पर के शीशे फोड कर नुकसान किया।

जिला पुलिस अधीक्षक उदयपुर योगेश गोयल द्वारा उक्त प्रकरण में आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु निर्देश प्रदान किए जिसके बाद थाना पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर 5 आरोपी साहिल उर्फ सागर पिता लक्ष्मण मीणा,संजय पिता भगवानलाल मीणा,मनीष पिता गून्जारी लाल मीणा ,अभिषेक पिता माणकलाल मीणा ,अविनाष पिता राजकुमार मीणा को गिरफ्तार किया और पूछताछ के बाद आरोपियों ने वारदात करना कबूल कर लिया इसके साथ ही पुलिस बाकी के आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है।

उदयपुर में होटलों में देह व्यापार के मामले में पुलिस ने कड़ी कार्रवाई की, आरोपियों को गिरफ्तार किया

पदमावत मीडिया

उदयपुर । जिले के थाना प्रतापनगर और गोवर्धनविलास थाने में बड़ी कार्यवाही को अंजाम दिया गया जिसमे आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

दरअसल पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर जिले में अनैतिक गतिविधियों के खिलाफ पुलिस ने कड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने कई स्थानों पर छापा मारा और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यहां प्रतापनगर थाना के अधिकारियों ने रूद्र विहार विला पर छापा मारा, जहां से तीन महिलाओ सहित दलाल सुनील कुमार और तारक कीर्तनिया को गिरफ्तार किया गया। गोवर्धनविलास थाना क्षेत्र

में भी होटल सिटी प्राइड पर छापा मारा गया, जहां पुलिस ने एक व्यक्ति को देह व्यापार के आरोप में गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार हुए व्यक्ति का नाम अशोक कलाल है, जो करावली जिले के निवासी हैं। इस घटना के बाद अब जगदीश और जयेश की तलाश जारी है।

विप्र फाउंडेशन (जोन-1।) पूर्वी देहात जिला उदयपुर की कार्यकारिणी का किया विस्तार

पदमावत मीडिया

उदयपुर । विप्र फाउंडेशन (जोन-1।) के प्रदेश अध्यक्ष श्री नरेंद्र पालीवाल एवं विप्र फाउंडेशन (जोन-1।) पूर्वी देहात जिला उदयपुर के अध्यक्ष केशव व्यास के निर्देशानुसार विप्र फाउण्डेशन पूर्वी देहात उदयपुर के जिला महामंत्री प्रेमशंकर रामावत ने वर्ष 2024-26 की कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए निम्न पदाधिकारियों की संगठनात्मक नियुक्ति की है । जिला महामंत्री प्रेम शंकर रामावत ने बताया कि सभी पदाधिकारी अपने-अपने पद के दायित्व का निर्वहन करते हुए अपने-अपने क्षेत्र में विप्र फाउंडेशन की राष्ट्रीय, प्रदेश तथा जिला इकाइयों द्वारा समाज हित के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं एवं गतिविधियों का सुचारू रूप प्रचार प्रसार कर उन्हें विधिवत संचालित करते हुए आधिकारिक समाज जनों को लाभान्वित करेंगे एवं समाज को एकजुट कर आगे बढ़ाएंगे। देहात जिला इकाई में नियुक्त किए गए पदाधिकारी के पद एवं नाम इस प्रकार हैः-

देहात जिला संरक्षक के पद परःहुक्मीचंद सांगावत (मेनार), मोतीलाल भट्ट (रूडेडा),अनिल शर्मा (कानोड़) रमेश चंद्र नागदा (मीठा नीम), सूरजमल मेनारिया (सालेडा) ,मधुसूदन व्यास बड़गांव को मनोनीत किया है।

वहीं देहात जिला कोषाध्यक्ष हगामी लाल व्यास बेदला को नियुक्त किया गया है। साथ ही देहात संगठन मंत्री के पद पर त्रिभुवन मेनारिया(वाना), शांतिलाल नागदा (मीठा नीम) और प्रकाश जोशी (भूताला) को नियुक्ति दी गई है।

देहात जिला उपाध्यक्ष के पद पर भंवरलाल त्रिवेदी (बड़गांव), हीरालाल नागदा(भटेवर) , मोहनलाल मेनारिया (रूंडेडा), जगदीश पालीवाल (डबोक), नानालाल भट्ट (डबोक),नीरज नागदा(सायरा), विनायक जोशी (खेमली) को तथा देहात जिला सचिव के पद पर भरत व्यास (बांसड़ा),ओमप्रकाश नागदा (भैंसडा खुर्द), श्याम चोबीसा (बांसड़ा), राजकुमार नागदा (नांदवेल), गहरी लाल नागदा (करदा) कैलाश पालीवाल (सेमटाल) को नियुक्त किया है।

जैन समाज की 111 प्रतिभावान बेटियों का हुआ सम्मान

श्री महावीर युवा मंच संस्थान महिला प्रकोष्ठ का आयोजन

पदमावत मीडिया

उदयपुर । सामाजिक संस्था श्री महावीर युवा मंच संस्थान, महिला प्रकोष्ठ द्वारा 100 फीट रोड स्थित शुभकेसर गार्डन में शुक्रवार को जैन समाज की 111 प्रतिभावान बेटियों का सम्मान समारोह आयोजित हुआ।

महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्षा ऋतु मारू एवं महामंत्री अमिता डांगी ने बताया कि समारोह में मुख्य अतिथि शहर विधायक ताराचंद जैन व समारोह की अध्यक्षता जय नारायण विश्व विद्यालय के रजिस्ट्रार ओपी जैन ने की। सम्मानित अतिथि के रूप में राजसमंद विधायिका दीप्ति किरण माहेश्वरी, संस्थान के मुख्य संरक्षक राजकुमार फत्तावत एवं बड़ाला क्लासेज के निदेशक राहुल बड़ाला थे।

इस अवसर पर विधायक ताराचंद जैन ने अपने उद्बोधन में कहा कि बेटियां दो परिवारों की धरोहर होती है। इसको सहेजना और संवारना समाज कर्तव्य है। 90 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाली 111 जैन समाज की बेटियों ने अपने टेलेन्ट से अपने आप का सिद्ध किया है। समाज भी इन बेटियों के प्रति अपना दायित्व समझते हुए इन्हे हर क्षेत्र में आगे बढ़ाने का प्रयास करें।

संस्थान के मुख्य संरक्षक एवं सकल जैन समाज के अध्यक्ष राजकुमार फत्तावत ने अपने वक्तव्य में कहां कि संस्थान की महिला प्रकोष्ठ ने केवल बेटियों का सम्मान कर एक अनुठी पहल की है। मैं प्रकोष्ठ की बहिनों से आव्हान करता हूं कि इन सभी बेटियों के शैक्षणिक विकास के साथ संर्वागिण विकास का भी ध्यान दे और संस्कारित बेटियों के रूप में इन्हे विकसित कर समाज व राष्ट्र विकास में सहभागी बनने लायक बने। इस अवसर पर फत्तावत ने प्रतिवर्ष जैन समाज की 5 बेटियों को गोद लेकर इनकी शिक्षा, भरण पोषण आदि का कार्य करने का भामाशाह जयन्ति के अवसर पर संकल्प लिया एवं प्रकोष्ठ की बहिनों से सभी बेटियों को स्मार्ट व सशक्त गर्ल्स बनाने का आव्हान किया। राजसमंद विधायिका दीप्ति किरण माहेश्वरी ने कहां कि बेटियों का सम्मान कर महिला प्रकोष्ठ ने एक अनुठी मिशाल कायम की है। मैं सभी आयोजकों को बधाई देते हुए बेटियों के भविष्य की मंगलकामना करती हूं।

जय नारायण विश्वविद्यालय के राजिस्ट्रार ओपी जैन ने बेटियों को अधिकाधिक प्रशासनिक सेवा में आगे बढने् का आव्हान किया और उसके लिए हर संभव सहयोग मेरे द्वारा किया जाएगा। बड़ाला क्लासेज के निदेशक राहुल बड़ाला ने सभी बेटियों को अपने केरियर के सम्बन्ध में हर समय सहयोग करने के लिए तत्पर रहने का आश्वासन दिया।

आयोजन की संयोजिका प्रिया झगड़ावत, चित्रलेखा तलेसरा, सुनीता बेलावत ने संयुक्त रूप से बताया कि सभी अतिथियों ने 111 बेटियों को प्रशस्ती पत्र, मेडल, उपरणा, श्रीफल व तिलक द्वारा सम्मानित कर बधाई प्रेषित की।

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के दीप प्रज्वलन एवं प्रकोष्ठ की बहिनों के मंगलाचरण से हुआ। शब्दों द्वारा स्वागत प्रकोष्ठ अध्यक्षा ऋतु मारू एवं संस्थान अध्यक्ष अशोक कोठारी ने किया। आभार महामंत्री अमिता डांगी द्वारा ज्ञापित किया गया तथा संचालन सोनिका मेहता द्वारा किया गया। समारोह में महिला प्रकोष्ठ की सुमन डामर एवं समूह द्वारा स्वागत गीत सरोज चित्तौड़ा एवं समूह द्वारा नृत्य तथा बीजेएस गर्ल्स विंग की तेजस्विनी जैन ने एकल नृत्य प्रस्तुत किया।

इस अवसर पर संस्थान के अध्यक्ष अशोक कोठारी, महामंत्री विजयलक्ष्मी गलूंडिया, बीजेएस अध्यक्ष यशवंत कोठारी, कार्यकारी अध्यक्ष दीपक सिंघवी, महामंत्री भूपेन्द्र गजावत, जेजेसी अध्यक्ष सुधीर चित्तौड़ा, कार्यकारी अध्यक्ष अरूण मेहता, महामंत्री नितिन लोढ़ा, बीजेएस लेडिज विंग अध्यक्षा मीना कावडि□ा, महामंत्री प्रियंका जैन, जेजेसी अध्यक्षा नीता छाजेड़, महामंत्री सोनाली जैन, बीजेएस प्रदेश महामंत्री श्याम नागोरी, कोर्डिनेटर चन्द्रप्रकाश चोरडिया आदि मौजूद रहे।

इन बेटियों को हुआ सम्मान

मुख्य संरक्षक राजकुमार फत्तावत ने बताया कि आयोजन में नेहल रांका, प्रियल बोलिया, हिया चंपावत, नेही जैन, निया शाह, शिनी बेबेल, प्रेक्षा जैन, निष्ठा सेठ, युवांक्षी जैन, डॉली जैन, दिशिता जैन, माही जैन, वंशिका नाहर, इशिका जैन, हुनर सिंघवी, रिधि सिंघवी, सोम्या कोठारी, चेल्सी डाक, चेस्टा कोठारी, दिशा बडाला, हिमांशी मेहता, दिविशा सेठ, पर्ल दोषी, कर्विका लोढ़ा, पहल बोक दिया, नेतिका सिंघटवाडिया, सिद्धि सिंघवी, हिरल जैन, वृष्टि जैन, जाहनवी जैन, चहाना चिप्पर, इशिका बापना, नम्या जैन, हिया जैन, मनस्वी चज्जेड, अनीस जैन, दिव्यांशी जैन, प्रियांशी पोरवाल, धृति जैन, हीरल तलेसरा, प्राची जैन, लीशा समर, अनन्या मेहता, कशिश जैन, डिंपल चपलोत, लविशा पोखरना, गीत गजवत, रिद्धिका जैन, परी दोषी, खुशी कसारा, रिद्धि जैन, सांची जैन, लब्धि जैन, अर्शी लोढ़ा, श्रेया पामेचा, अश्मी बोहरा, माही जैन, निरवी झोटा, चहाना जैन, धनी जैन, हनी श्रीमल, निष्का जैन, समृद्धि करेवर, सौम्या सेठ, रिद्धि शेखावत, ईशा कोठारी, तनिषा बोकाडिया, तनिषा जैन, यशस्वी जैन, हर्षिका सिंघवी, पूजा जैन, पनवित्रा मंडावत, हिरल सुराणा, नेहल कोठारी, यश्वी जैन, सलोनी बापना, तनिषा चपलोत, अनन्या जैन, पलक जैन, अंशुला चित्तौड़ा, वैदिका जैन, भार्गवी कोठारी, कृतिका पोखरना, हेन्सी जैन, रिया सिरोया, मानविका मारू, वनेशा मथा, विधि जैन, प्रशस्ति चौधरी, खुशी सिंघवी, लक्षिका जैन, गुन समोता, हिमांशी भानावत, हरवी जैन, दिविशा कोठारी, काश्वी जैन, आशिका सेठ, प्रवज्या जैन, आश्रिता कुलश्रेष्ठ, जाह्नवी कोठारी, ईशा जैन, विनीता डांगी, ट्विंकल डांगी, महक समोता, शालिनी कोठारी, ध्रुविका जैन, हर्षि जैन, मैत्री सिंघटवाडिया, हिमांशी जैन, शा कोठारी, पारुल जैन, डॉ. छवि हरकावत, अनुष्का मंडोत सहित 111 बेटियों का सम्मान किया गया।

उत्कृष्ट कार्यों के लिए किया सम्मानित

पदमावत मीडिया

ब्यावर । महिला एवं बाल विकास विभाग जवाजा में उत्कृष्ट कार्यों के लिए कार्यालय लिपिक लक्ष्मण सेन का परियोजना अधिकारी हंसा जोशी ने उत्कृष्ट कार्यों के लिए साफा पहनाकर हाथ में मोमेंट देकर सम्मानित किया।साथ ही अड़तीस वर्ष तक लगातार सरकारी सेवा में बेदाग छवि को लेकर कार्यालय कर्मियों ने स्वागत किया।वरिष्ठ महिला पर्यवेक्षक लक्ष्मी भाटी ने कहां कि सरकारी सेवा में रहकर लोगों के सरकारी कार्यों व योजनाओं को लेकर हमेशा प्रतिबंधित होकर कार्य करना ही सरकारी सेवक का कार्य होता है।लम्बे समय तक सरकारी सेवा में समर्पित भाव से कार्य कर किसी प्रकार का छी पर दाग़ नहीं लगना ही सरकारी सेवा में बड़ा कार्य होता है। इस मौके पर महिला पर्यवेक्षक मनोज भट्ट,निलम देवें,ज्योती, वि' म सिंह,गिरधार तरूण सहित कार्यालय कर्मी मौजूद थे।

चार्टर्ड एकाउन्टेन्टस संस्थान का 76वां स्थापना दिवस 1 जुलाई को सीए दिवस के रूप में मनाया जायेगा

पदमावत मीडिया

उदयपुर । भारतीय चार्टर्ड एकाउन्टेन्टस संस्थान का 76वां स्थापना दिवस उदयपुर शाखा द्वारा धूमधाम से मनाया जाएगा। आयोजन को लेकर शुक्रवार को बैठक का आयोजन हुआ। बैठक में कार्यक्रम के पोस्टर का विमोचन किया गया। शाखा अध्यक्ष सीए. रौनक जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि सीए डे कार्यक्रम की श्रृंखला में 29 जून शनिवार को सीए विधार्थियों को इन्डस्ट्रीयल विजीट के लिए वंडर सिमेंट लिमिटेड, निम्बाहेड़ा ले जाया जाएगा। जिससे उन्हे औधोगिक इकाइयों की कार्यप्रणाली समझने में मदद मिलेगी। 30 जून को सीए सदस्य, व परिवार जन व सीए स्टूडेन्टस उदयपुर में फतेहसागर की पाल पर विकसित भारत की संकल्पना में अपना अहम सहयोग देने की प्रतिबद्धता हेतू सीए रन का आयोजन होगा। जिसमें 2 किलोमीटर व 4 किलोमीटर की दौड़ होगी, जिसमे विजेताओं को पुरस्कृत किया जायेगा। साथ ही सीए विधार्थियों हेतू साइक्लाथॉन का आयोजन कर प्रदूषण रहित उदयपुर का संदेश दिया जायेगा। 30 जून को सायं काल सेक्टर 14 स्थित रयॉन इन्टरनेशनल स्कूल में सीए फूटबॉल लीग का आयोजन होगा जिसमें लगभग 40 सीए फुटबॉल खेलेगें। शाखा उपाध्यक्ष सीए राहुल माहेश्वरी ने बताया 1 जुलाई को भारतीय सीए संस्थान उदयपुर शाखा के परिसर पर भव्य कार्यकम होगा जिसमें रक्तदान शिविर का आयोजन होगा, सीए सदस्यों व परिवारजनों के लिये हेल्थ चेकअप का आयोजन होगा जिसमें 93 तरह के टेस्ट होगें। शाखा उपाध्यक्ष सीए प्रतिभा जैन ने बताया प्रात» 9.30 बजे ध्वाजारोहण होगा और प्रसिद्ध हृदयरोग विशेषज्ञ डा. अमित खण्डेलवाल युवाओं में बढ़ते हार्टअटैक के कारण व तनाव नियंत्रण पर अपने विचार रखेगें। इसी दिन पुराने वस्त्रो का संग्रह कर ग्रामीण क्षेत्रों में वितरित किये जायेगें। शाम को गौशाला में पशु आहार भी वितरण किया जायेगा। 6 जुलाई को शाखा परिसर में सीए गोट टेलेन्ट



कार्यकम में सीए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगें और 7 जुलाई को स्पोर्टस का आयोजन होगा जिसमें बेडमिंटन, टेबलटेनिस, केरम, चेस इत्यादि गेम्स का आयोजन होगा। निवर्तमान अध्यक्ष सीए अभिषेक संचेती, कार्यकारिणी सदस्य सीए हितेष भदादा, सीए चिराग धर्मावत, सीए शैलेन्द्र कुणावत आदि सदस्य व्यवस्थाओं में जुटे हुए है।

पिछले 4 सालों से अटकी उप जिला अस्पताल डेगाना को डायरेक्ट जीएसएस से 24 घंटे बिजली सप्लाई योजना विधायक किलक के प्रयासो से हुई चालू

पदमावत मीडिया

नागौर । उपखंड मुख्यालय के राजकीय उप जिला अस्पताल में पिछले 4 सालों से 24 घंटे बिजली सप्लाई मिलने की योजना ठंडे बस्ते में थी। जिसको लेकर पिछले दिनों ही आमजन व अस्पताल प्रबंधन की ओर से डेगाना विधायक अजयसिंह किलक को अवगत करवाया गया था। विधायक अजय सिंह किलक ने तुरंत विद्युत वितरण निगम के अधिकारियों को दिशा निर्देश देकर उप जिला अस्पताल में 24 घंटे विद्युत सप्लाई योजना को लागू करने के निर्देश दिए थे। इसके बाद विद्युत वितरण निगम के अधिकारियों व उच्चाधिकारियों ने योजना को चालू करने के लिए लगातार तैयारी की। इसके बाद अजमेर विद्युत वितरण निगम के सहायक अभियंता सुनील कुमार बाजिया, बीसीएमओ डॉ. रामकिशोर सारण, जेईएन मधुर जैन, पूर्व पार्षद विरेंद्र रिंणवा, शेरू खान सहित विद्युत वितरण निगम की टीम ने गुरुवार को मौके पर अस्पताल में मौजूद रहकर ट्रांसफार्मर से बिजली सप्लाई की शुरुआत की। लगातार प्रयास करते हुए अंडरग्राउंड केबल को अस्पताल से जोड़ा। तो वहीं मौके पर बड़े- बड़े ट्रांसफार्मर लगाकर गुरुवार को सप्लाई अस्पताल में चालू कर दी गई। विद्युत वितरण निगम की टीम ने बड़ी संख्या में कर्मचारियों, टीम और के साथ इस योजना को सफल बनाने के लिए केबल को अस्पताल के बड़े ट्रांसफार्मर से जोड़ा गया। तो वहीं लिफ्ट और मशीनों व जेसीबी के साथ ट्रांसफार्मर लगाकर लाइन को तैयार किया गया। इसके बाद अस्पताल में सप्लाई चालू की गई। जो अब लगातार 24 घंटे सप्लाई चलेगी। जिसमें कभी भी बिजली कट नहीं होगी। तो वहीं इसके साथ जीएसएस से डायरेक्ट सप्लाई होगी। जिससे मरीजों को सुविधा मिलेगी, तो वहीं अस्पताल में भी कार्यरत कर्मचारियों और चिकित्सा स्टाफ के साथ ही अस्पताल की विशेष सेवाएं भी हर समय बिजली से जुड़ी रहेगी। जैसे ही अस्पताल को 24 घंटे बिजली सप्लाई की योजना चालू हुई। मरीजों, अस्पताल चिकित्सकों, स्टाफ सहित ने खुशी जताते हुए विधायक अजयसिंह किलक का आभार जताया। 4 साल पहले बनी योजना, नहीं चढ़ पा रही थी, सिरे, विधायक के प्रयास लाए रंग»-

अस्पताल को 24 घंटे बिजली सप्लाई से जोड़ने के लिए 132 केवी विद्युत जीएसएस डेगाना गांव से डायरेक्ट अंडरग्राउंड केबल की योजना और ट्रांसफार्मर 11 हजार लाइन का लगाने की पिछले 4 सालों से चली आ रही है। मगर, योजना अधिकारियों की सुस्त चाल से सिरे नहीं चढ़ पा रही थी। इसी बीच पिछले दिनों ही डेगाना विधायक अजयसिंह किलक ने अस्पताल का निरीक्षण किया व विद्युत निगम के अधिकारियों और चिकित्सा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि तुरंत सप्लाई चालू करें। ट्रांसफार्मर लगाकर योजना का काम पूरा किया जाए। तो वहीं पिछले दिनों नागौर जिला कलक्टर डॉ. अरुण कुमार पुरोहित के निरीक्षण के बाद उन्होंने भी अधिकारियों को निर्देशित किया था। इसके बाद योजना पर विद्युत निगम के अधिकारी चेते। लगातार चले काम के बाद गुरुवार को ट्रांसफार्मर लगाकर लाइन को चालू किया गया। सप्लाई से अस्पताल को जोड़ दिया गया है। अब मरीजों को 24 घंटे विद्युत सप्लाई मिल सकेगी। इस योजना पर विद्युत निगम ने ही पूरा खर्च वहन किया है।

विधायक का कहना है»-

उप जिला अस्पताल में यह योजना पिछले 4 साल पहले बनी थी। जैसे ही मैंने अस्पताल का निरीक्षण किया व जनसुनवाई में इस संबंध में आमजन व अस्पताल प्रबंधन की ओर से मेरे पास मामला सामने आया। कि अस्पताल में ही 24 घंटे बिजली नहीं मिल पाती है, बार-बार ट्रिपिंग और लाइट जाने से घंटों मरीजों को सामना करना पड़ रहा है। तो वहीं कई प्रकार की मशीनें नहीं चलने से परेशानी आ रही है। मैंने, तुरंत निगम के अधिकारियों के निर्देश दिए। ट्रांसफार्मर लगवाकर अलग से सप्लाई व्यवस्था को चालू किया जाए। अब मरीजों को, अस्पताल प्रबंधन को सुविधाएं मिलेगी।- अजयसिंह किलक विधायक (डेगाना)।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने किया सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना की अभिवृद्धित राशि का हस्तान्तरण

पदमावत मीडिया

सलूंबर । मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गुरुवार को झुंझुनूं में सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत बढ़ी हुई राशि का लाभार्थियों के खातों में सीधे हस्तांतरण (डीबीटी) किया। इस दौरान शर्मा ने लाभार्थियों से संवाद भी किया।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा गुरुवार को वीडियो कॉन्फ्रेस के माध्यम से सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना की अभिवृद्धित राशि का हस्तान्तरण किया गया। मुख्यमंत्री द्वारा एक बटन दबाकर 88 लाख से अधिक लाभार्थियों के खातों में 1037 करोड़ रुपए से अधिक राशि डीबीटी के जरिए सीधी हस्तांतरित की गई। सलूंबर जिले के लगभग 97 हजार लाभार्थियों के खाते में रुपए हस्तांतरित किए गए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री द्वारा योजना के लाभार्थियों से संवाद भी किया गया।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि सबका साथ, सबका विकास, सबका प्रयास, सबका विश्वास की भावना से राज्य सरकार

समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति और उनके परिवार को राज्य सरकार की सुविधाओं से लाभान्वित करने को प्रतिबद्ध है। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा द्वारा सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत बढ़ी हुई राशि का एक साथ सीधा हस्तांतरण लाभार्थियों के खाते में किया गया।

जिला स्तर पर उक्त कार्यक्रम का लाईव प्रसारण एवं आयोजन पंचायत समिति सलूंबर के सभागार में किया गया।

विधायक अमृत लाल मीणा ने लाभार्थियों से किया संवाद

इस अवसर पर विधायक अमृत लाल मीणा ने उपस्थित लाभार्थियों को संबोधित कर जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी और जिला कलेक्टर एवं प्रशासन की तारीफ करते हुए कहा कि जिले में अच्छा काम हो रहा है और उन्होने लाभार्थियों से अधिक से अधिक लाभ उठाने हेतु प्रेरित किया। गौरतलब है कि सरकार द्वारा पेंशन राशि 1000 रु प्रतिमाह से बढाकर 1150 रुपए प्रतिमा की गई है।

इन योजनाओं के लाभार्थियों को मिला लाभ

जिला समाज कल्याण अधिकारी हेमन्त खटीक ने बताया कि सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा मुख्यमंत्री वृद्धजन सम्मान पेंशन योजना, मुख्यमंत्री एकल नारी सम्मान पेंशन योजना, मुख्यमंत्री विशेष योग्यजन सम्मान पेंशन योजना, लघु एवं सीमान्त वृद्धजन कृषक सम्मान पेंशन योजना, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धाव-स्था पेंशन योजना, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना तथा इंदिरा गांधी राष्ट्रीय निःशक्त पेंशन योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। जिनकी बढ़ी हुई राशि का लाभार्थियों के खातों में सीधे हस्तांतरण (डीबीटी) किया गया।

जिला स्तरीय कार्यक्रम में सलूंबर के सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के लाभार्थी (वृद्धजन, विधवा, निःशक्तजन) ने बड़ी संख्या में भाग लिया। इसके साथ ही कार्यक्रम ग्राम पंचायत व पंचायत समिति स्तर पर भी आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में जिला कलक्टर जसमीत सिंह संधू, विधायक अमृत लाल मीणा, एसीईओ दयाचन्द यादव, आयुक्त नगर परिषद गणपत लाल खटीक, हेमन्त खटीक जिला समाज कल्याण अधिकारी, जीवन राम मीणा सूचना प्रौद्योगिकी, पुष्पक मीणा पीआरओ, बीडीओ सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं बड़ी संख्या में लाभार्थी उपस्थित रहे।

उदयपुर में दो दिवसीय जीतो राजस्थान जोन का कोन्कलेव 6 व 7 जुलाई को

पदमावत मीडिया

उदयपुर । जीतो उदयपुर चेप्टर की मेबजानी में आगामी 6 व 7 जुलाई को हॉली माउण्ट रिसॉट में दो दिवसीय जीतो राजस्थान जोन का कॉनक्लेव का आयोजन होगा। जीतो उदयपुर चेप्टर अध्यक्ष विनोद फान्दोत एवं कार्यक्रम संयोजक संजय भण्डारी ने बताया कि ''मंथन इंस्पायर टूडे एण्ड ट्रांसफर्म टूमारो'' की थीम पर जीतो राजस्थान जॉन का कॉनक्लेव कार्यक्रम में राजस्थान राज्य के 10 चेप्टरों से करीब 1500 से अधिक सदस्य इस आयोजन में शामिल होंगे। राजस्थान जोन के चीफ सेक्रेटरी महावीर चपलोत ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि असम के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया होंगे।

चीफ सेक्रेटरी धर्मेश नवलखा, महिला विंग अध्यक्षा विजयलक्ष्मी गलूंडिया व युथ विंग अध्यक्ष दिव्याद दोशी ने बताया कि कार्यक्रम में मोटिवेशनल गुरु सोनू शर्मा, भारतीय टेलीविजन होस्ट एआईएफए फिल्मफेयर पुरस्कार प्रस्तुतकर्ता सिद्धार्थ कानान, सह-संस्थापक और सीबीसी जीपी बिजनेस नितिन जैन, एचओएफसी म्यूचुअल फंड एमडीई सीईओ नवनीत मुनोत, कॉमेडियन, अभिनेता और टेलीविजन प्रस्तुतकर्ता संकेत भोसले, हैप्पीनेस कोच संचार विशेषज्ञ आयशा गनी आदि प्रस्तुति देंगे।

सोन चिड़िया मेरी बिटिया अभियान के तहत लगाये बर्ड हाउस पर्यावरण संरक्षण को लेकर की चर्चा

पदमावत मीडिया

राजसमन्द । कॅरियर संस्थान राजसमन्द द्वारा सोन चिड़िया मेरी बिटिया अभियान को लेकर राजसमन्द की नौ चोकी पाल पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संघटनात्मक गतिविधियों पर चर्चा करते हुए आगामी दिनों में आयोजित होने वाले सीड्स बॉल अभियान, बेटियों के नाम से पोधे लगाना को लेकर चर्चा की गई। साथ जी जिले के विभिन्न प्रशासनिक अधिकारियो से मिलकर उन्हें आगामी कार्यक्रमों से अवगत करवाने के साथ कई जगह गोरेया के संरक्षण के लिए विभिन स्थानों पर बर्ड हाउस लगाये गए और आम जन को वितरित किये गए। इस अवसर पर कॅरियर संस्थान राजसमन्द के सदस्यों ने राजसमन्द पुलिस अधीक्षक मनीष त्रिपाठी, अतिरिक्त जिला कलक्टर नरेश बुनकर, अतिरिक्त पुलिस अधिक्षक महेंद्र पारिख सहित कई अधिकारियो को बर्ड हाउस भेंट किये। राजसमन्द पुलिस अधीक्षक मनीष त्रिपाठी ने संस्थान के इन सभी कार्यो को लेकर अपने सुझाव प्रदान किये और सीड्स बॉल कार्यक्रम को प्रेरणादायक बताते इसे विभाग के साथ मिलकर करने का आग्रह किया। कॅरियर संस्थान राजसमन्द की अध्यक्ष और सामाजिक कार्यकर्ता भावना पालीवाल ने बताया की पक्षी मिट्टी को उर्वर बनाने में मदद करते हैं साथ ही पक्षी जगत में जैव विविधता को बढ़ावा देते हैं। मंडल उपाध्यक्ष गुंजन शर्मा द्वारा सभी को आगामी पर्यावरण संरक्षण कार्यक्रमों से अवगत करते हुए कहा की पेड़-पौधे जीवन की वो इकाई है। जिसके कारण पृथ्वी पर जीव-जन्तुओं का अस्तित्व है। इस जीवन का आधार है जो प्रकृति के आंचल में फल-फूल रही है। वर्तमान में यह चिंता का विषय है कि जिस प्रकृति ने मनुष्य को सब कुछ दिया है और हम प्रकृति को क्या दे रहे हैं। आज के समय में पेड़-पौधों की जगह प्लास्टिक ने ले ली है। इस अवसर पर सरंक्षक महेश पालीवाल, सचिव नीलेश पालीवाल, किरण गोस्वामी, मीनल पालीवाल, बिंदु वैष्णव, रीनू शक्तावत, नंदनी पालीवाल, निकिता पालीवाल सहित

संस्थान के पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित थे।

मंत्रालय संवर्ग की 11 सूत्री मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम एडीएम सिटी को सौंपा ज्ञापन

पदमावत मीडिया

उदयपुर । राजस्थान मंत्रालयिक कर्मचारी परिषद (भामस) जयपुर के निर्देशानुसार जिला कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री भजनलाल जी शर्मा को मंत्रालय संवर्ग की 11 सूत्री मांगों का ज्ञापन बुधवार को अतिरिक्त जिला कलेक्टर (शहर) राजीव द्विवेदी को सौंपा।

प्रदेश महामंत्री अरविंद सिंह राव ने बताया कि ज्ञापन में मंत्रालयिक संवर्ग के संस्थापक अधिकारी के पद नाम को मुख्य प्रशासनिक अधिकारी के पद नाम में परिवर्तन करने, पदोन्नति का अंतिम पद उपसचिव कर ग्रेड पे 8700 करने, मंत्रालय संपर्क में एसीपी ग्रेड पे 3600 विलोपित कर उसके स्थान पर 4200 करने, अन्य स्वर्ग की भांति मंत्रालय संवर्ग में तीसरा पद राजपत्रित करने, ग्रेजुएटी एक्ट 1972 में संशोधन कर 16.5 माह के स्थान पर 33 माह का वेतन ग्रेजुएट के रूप में प्रदान कराने, मंत्रालय संवर्ग हेतु निदेशालय स्थापित करने, बोनस की सीमा 7000 से बढ़कर 15000 करने एवं 30 जून को सेवानिवृत होने वाले कर्मचारियों को वार्षिक वेतन वृद्धि का लाभ दिलाने की मांग की गई है। एडीम सिटी को ज्ञापन सौंपने के दौरान राजस्थान मंत्रालयिक कर्मचारी परिषद उदयपुर के प्रतिनिधि बृजेश मिश्रा, जिलाध्यक्ष गजेन्द्र सिंह चौहान, आदित्य पांडे, भंवर सिंह अखेपुर, सुरेश कोटिया, अशफाक, सौरभ वशिष्ठ, फतेह सिंह चौहान, विजय शर्मा राजेंद्र सिंह, लक्ष्मण सिंह चौहान, गजेंद्र सिंह चौहान एवं अन्य साथी उपस्थित रहे।

हिंदुस्तान स्काउट गाइड के पदाधिकारी ने उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी से जयपुर में की भेंट वार्ता

पदमावत मीडिया

उदयपुर । हिंदुस्तान स्काउट एंड गाइड राजस्थान राज्य, मुख्यालय उदयपुर के पदाधिकारी ने उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी से आज जयपुर में भेंट वार्ता की ।उपमुख्यमंत्री राजस्थान सरकार के साथ हिंदुस्तान स्काउट एंड गाइड के पदाधिकारी की आज हुई बैठक में हिंदुस्तान स्काउट एंड गाइड राज-स्थान राज्य के राज्य सचिव और राष्ट्रीय प्रशिक्षण आयुक्त एवं वर्ल्ड फेडरेशन ऑफ़ इंडिपेंडेंस स्काउट के ट्रेनिंग सदस्य नरेंद्र ओदिच्य ,राज्य संगठन आयुक्त रीपुदमन गिल व कविता जैन ,सहायक राज्य सचिव समन्वयक विजय दाधीच , सहायक राज्य संगठन आयुक्त मनोज त्रिवेदी व प्रदीप इसरवाल , जिला ऑर्गेनाइजर शांता वैष्णव,नैना मीणा, रुपेश मीणा आदि उपस्थित थे । संभाग मुख्यालय आयुक्त (जनसंपर्क) गोपाल मेहता मेनारिया ने बताया कि बैठक में उप मुख्यमंत्री को हिंदुस्तान स्काउट एवं गाइड संगठन के बारे पूरा परिचय दिया एवं जानकारी देते हुए राज्य सचिव नरेंद्र ओदिच्य ने बताया कि 2015 से राजस्थान में संचालित हिंदुस्तान स्काउट गाइड द्वारा अभी तक राज्य में छः लाख सत्तर हजार सदस्यों को संगठन से जोड़ा जा चुका है, प्रदेश के अनेक जिलों में स्काउट एंड गाइड की विभिन्न गतिविधियां संचालित की जा रही है जिसमें , बालक बालिकाओं और यूवाओ को विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षण देकर स्वावलंबी एवं देश सेवा, समाज सेवा के लिए भावी पीढ़ी को तैयार किया जा रहा है। संगठन की आगामी कार्य योजना के बारे में भी उप मुख्यमंत्री को जानकारी दी गई।

अवैध खनन प्रोन क्षेत्र में डेलीनियेशन के कार्य को प्राथमिकता व माइनिंग क्षेत्रों में व्यापक

पदमावत मीडिया

उदयपुर । खान एवं भूविज्ञान विभाग के निदेषक श्री भगवती प्रसाद कलाल ने अवैध खनन प्रोन क्षेत्र में डेलीनियेशन के कार्य को प्राथमिकता से करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि अवैध खनन क्षेत्रों में माइनिंग ब्लॉक्स तैयार होने से इनकी नीलामी की जा सकेगी और इससे अवैध खनन पर प्रभावी रोक लग सकेगी। अवैध खनन प्रोन क्षेत्र के 10 प्लॉट ऑक्शन के लिए तैयार होकर आ भी गए हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में मानसून प्रवेश कर गया है और मानसून सीजन में खनन क्षेत्रों में व्यापक पौधारोपण करवाया जाना है।

निदेशक माइंस श्री कलाल शुक्रवार को वीसी के माध्यम से प्रदेश के माइनिंग अधिकारियों से रुबरु हो रहे थे। उन्होंने स्पष्ट किया कि वैध खनन को बढ़ावा देकर ही अवैध खनन पर कारगर रोक संभव है। इसके लिए फील्ड अधिकारियों को अवैध खनन वाले क्षेत्रों में ऑक्शन के लिए प्लाट तैयार करने के कार्य को वरियता देनी होगी। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि पौधारोपण के लिए स्थान का चिन्हीकरण कर पौधारोपण करवाये। श्री कलाल ने कहा कि खान सचिव श्रीमती आनन्दी ने खनन कार्य पूरा हो चुकी खानों को चिन्हित कर प्रत्येक जिलें में इस तरह की कम से कम एक खनन क्षेत्र को में आवश्यक कदम उठाते हुए सघन पौधारोपण करवाएं।

श्री कलाल ने माइनिंग विभाग के सभी कार्यालयों की फाइलों को ई फाइल के रुप में तैयार कराने के निर्देश दिए और पत्रावलियों का निस्तारण ई फाइलिंग सिस्टम से करते हुए निष्पादन समय को न्यूनतम स्तर पर लाने को कहा। उन्होंने विधानसभा प्रश्नों का समय पर जबाव तैयार कर भिजवाने, मुख्यमंत्री संपर्क पोर्टल व महत्वपूर्ण पत्रों के तय समय में निस्तारण पर जोर दिया। उन्होंने लंबित खनिज रियायतों के विचाराधीन प्रकरणों पर शीघ्र कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

टीए निदेशक खान श्री देवेन्द्र गौड़ ने कार्यालय वार प्रगति की जानकारी दी।

अतिरिक्त निदेशक माइंस जयपुर श्री बीएस सोढ़ा व एसएमई जयपुर श्री एनएस शक्तावत ने बताया कि जयपुर, अलवर, सीकर, झुन्झुनू, दौसा, टोंक, नीम का थाना और कोटपुतली में 84 हजार पौधारोपण की कार्ययोजना तैयार कर ली गई है। उन्होंने बताया कि जयपुर, अलवर, झुन्झुनू, सीकर, टोंक के अवैध खनन प्रोन क्षेत्र में 2298 हेक्टेयर क्षेत्र में डेलीनियेशन कार्रवाई की जा रही है।

वीसी में एडीएम श्री एमपी मीणा व श्री पीआर आमेटा, श्री कमलेश्वर बारेगामा व फील्ड में कार्यरत अतिरिक्त निदेशक माइनिंग, एसएमई, एमई और एएमई स्तर, एसएमई सतर्कता श्री प्रताप मीणा, जयपुर एमई श्री श्याम कापड़ी आदि अधिकारियों ने हिस्सा लिया।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं प्रधान सम्पादक - पवन जैन पदमावत, प्रधान कार्यलय - गणेश नगर, कांदिवली वेस्ट, मुंबई, महाराष्ट्र से अमुद्रित ऑनलाइन प्रकाशित | मो. 9594542679, e-mail: padmavatmedia@gmail.com
web. padmavatmedia.in. नोट» (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी)। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुम्बई (महाराष्ट्र) होगा । उक्त ई-पेपर को अवैध रुप से छपवाना कानूनन अपराध है।